





... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 30 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 182 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया












### असम में होने वाले चुनाव को लेकर पीएम ने किया पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद

# कड़ी मेहनत ही जीत का मंत्र

## कांग्रेस पर साधा निशाना, लोगों को गुमराह करने का लगाया आरोप

● असम ने अस्थिरता का लंबा दौर देखा है

● सिर्फ कागजों पर ही समझौते करती थी कांग्रेस



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद' नामक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के माध्यम से असम के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस बातचीत में पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के विचार जाने और उन्हें चुनाव में जीत के लिए कड़ी मेहनत का गुरुमंत्र दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीते एक दशक में असम में तेज विकास होने की बात भी कही। असम में भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सबसे पहली शर्त शांति है। उन्होंने कहा कि राज्य लंबे समय तक अस्थिता से जूझा है, लेकिन पिछले दशक में चीजें बदल गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सरकार सिर्फ सुर्खियां बटोरने और लोगों को गुमराह करने के लिए कागजों पर ही समझौते करती थी। 'हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा की आग में जल रहा था। असम में लंबे समय तक अस्थिरता रही, लेकिन पिछले दशक में स्थितियां बदली हैं। आज भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से राज्य में नया आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है।'

### लोगों को कांग्रेस का शासन याद दिलाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्होंने पहली बार वोट करने जा रहे मतदाताओं को पूर्व की कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल को याद दिलाने की जरूरत है और एक छोटी सी गलती राज्य को पीछे धकेल सकती है। पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा-एनडीए की सरकार की जीत की हैट्रिक के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को भटकने के लिए छोड़ दिया गया।

## नीतीश कुमार ने एमएलसी पद से दिया इस्तीफा



● नितिन नवीन ने भी किया रिजाइन

पटना। बिहार के CM नीतीश कुमार ने आज सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा विजय चौधरी और MLC संजय गांधी लेकर विधान परिषद पहुंचे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, 'मुख्यमंत्री राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। ये तो संवैधानिक प्रक्रिया है। आज उन्हें इस्तीफा देना था। उनका त्यागपत्र MLC संजय गांधी ने विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सौंप दिया है।' नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक नजर आए। वो फफक कर रोते दिखे। वही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, 'बीजेपी ने मुख्यमंत्री से दबाव में इस्तीफा दिलवाया है।' इधर, BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का इस्तीफा बिहार BJP के अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंप दिया है। नितिन नवीन ने कल असम जाने से पहले इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा था।

### फिर फैल रहा कोरोना, अब सिकाडा वेरिएंट ने मचाया हाहाकार

**नई दिल्ली।** ओमिक्रॉन का एक नया सब-वेरिएंट BA.3.2 23 देशों में पाया गया है। इसे 'सिकाडा' नाम दिया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि Covid-19 का एक नया वेरिएंट पूरी दुनिया में चुपचाप फैल रहा है। इसमें म्यूटेशन की संख्या असामान्य रूप से ज्यादा है, जिसकी मदद से यह मौजूदा इम्युनिटी को भी चकमा दे सकता है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वेरिएंट स्ट्रेन सबसे पहले नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में पहचाना गया था और अब तक कम से कम 23 देशों में इसका पता चला है। इसे सिकाडा वेरिएंट नाम दिया इसलिए दिया गया है, क्योंकि यह उस शोर मचाने वाले कीड़े की तरह ही सालों तक किसी की नजर में आए बिना अचानक बड़ी संख्या में सामने आया।

### लश्कर आतंकी शब्बीर अहमद गिरफ्तार कई जगह लगाए थे भारत विरोधी पोस्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दिल्ली बॉर्डर पर एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लोन पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देश पर भारत में लश्कर-ए-तैयबा के एक नए मॉड्यूल को सक्रिय करने की कोशिश कर रहा था। लोन का नाम तब सामना आया था जब फरवरी में दिल्ली पुलिस ने लश्कर के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर उसे दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### लाल निशान पर खुला बाजार, सेंसेक्स 1191 अंक टूटा, निफ्टी 22500 के नीचे



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है। इसी के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी जैसे शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू शेयर बाजारों की कमजोरी को और बढ़ा दिया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,191.24 अंक गिरकर 72,391.98 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 349.45 अंक गिरकर 22,470.15 पर पहुंच गया।

### सर्राफा बाजार में गिरावट चांदी टूटी, सोना लड़खड़ाया



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सोमवार को बुलियन पर सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 1040 रुपये गिरकर 2.27 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1050 रुपये गिरकर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वैश्विक बाजार में सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंताओं को बढ़ा दिया है, जिससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कमजोर पड़ी हैं। इसी वजह से निवेशकों का रुझान सोने से हटता दिख रहा है।

## चुनाव के लिए जनसभा, रैली और ताबड़तोड़ जनसंपर्क

### ममता ने भाजपा को बताया लुटेरी पार्टी, राहुल ने कहा ट्रंप के दबाव में हैं मोदी

● सियासी पार्टियों का एक दूसरे पर कीचड़ उछालने का सिलसिला जारी



**कोलकाता/गुवाहाटी/चेन्नई/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी।** देश के 5 राज्यों में अप्रैल में चुनाव हैं। सभी राज्यों में पार्टियों की जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आज बेल्दा में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा- भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश, दोनों देना बंद कर देगी, यही उनका खेल है। भाजपा देश लूटना चाहती है। इधर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केरल दौरे पर हैं। उन्होंने पतनमतिट्टा में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- सच तो यह है कि नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में हैं, यह बात हर कोई जानता है। ठीक इसी तरह, नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को भी अपने इशारों पर नचाते हैं। आज भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की और ममता बनर्जी की शिकायत की। आरोप लगाया कि टीएमसी बंगाल में चुनाव हाईजैक कर रही है। ममता बनर्जी घर-घर जाकर वोटर्स को धमका रही हैं। पश्चिम बंगाल के मंत्री और बिधाननगर सीट से TMC उम्मीदवार सुजीत बोस के रोड शो के दौरान कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

## पेट्रोल पंपों से मिट्टी का तेल बेचने की तैयारी में सरकार

● हर जिले के 2 पंपों पर होगी सुविधा



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन रख सकेंगी। हर जिले में राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा। सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके। सरकार ने ये फैसला अमेरिका-इजराइल के ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है। केंद्र सरकार लगातार मौजूदा हालात पर चिंता जता रही है।

# उत्तरी कोरिया ने अमेरिका को धमकाया

## ईरान पर जारी सैनिक कार्रवाई को बताया आतंकवाद, इजराइल को कहा अमेरिकी चमचा



● ट्रंप की नीतियां दुनिया को अस्थिर कर रही हैं

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी के अनुसार परीक्षण के दौरान किम जोंग उन ने अमेरिका और इसराइल पर तीखा हमला बोला। ईरान पर जारी सैनिक कार्यवाही को लेकर उन्होंने अमेरिका को सरकारी आतंकवाद का केंद्र करार दिया। किम ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका की नीतियां दुनिया को अस्थिर कर रही हैं और उत्तर कोरिया अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की सीधी निगरानी में एक नए और अत्यंत शक्तिशाली सॉलिड फ्यूल इंजन का सफल जमीनी परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया के इस कदम को सीधे तौर पर अमेरिका की मुख्य भूमि पर परमाणु हमला करने की क्षमता हासिल करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। परीक्षण के दौरान किम जोंग उन ने अमेरिका और इसराइल पर तीखा हमला बोला। जानकार मानते हैं कि किम जोंगुन ईरान के साथ जारी संघर्ष का फायदा उठाकर अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को अंतिम रूप देना चाहते हैं। उत्तर कोरिया द्वारा परीक्षण किया गया यह नया इंजन उसकी मिसाइल तकनीकी में एक बहुत बड़ी छलांग है। तकनीकी विवरणों के अनुसार इस सॉलिड फ्यूल इंजन ने ढाई हजार किटन का थ्रस्ट पैदा किया है जो पिछले सितंबर में किए गए परीक्षण से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस इंजन की मदद से उत्तर कोरिया अब ऐसे इंटरकॉन्टिनेंटल बैलस्टिक मिसाइलें बना सकता है जो भारी परमाणु हथियार लेकर सीधे वाशिंगटन या न्यूयॉर्क तक वार कर सके। तरल ईंधन वाली मिसाइलों के विपरीत ठोस ईंधन वाली मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए कम समय की आवश्यकता होती है।

### इराक में अमेरिका के सैन्य अड्डे पर ईरान ने किया रॉकेट हमला

**नई दिल्ली।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे यूएस विक्ट्री बेस पर सोमवार को रॉकेट हमला होने का दावा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह सैन्य अड्डा राजधानी बगदाद के पश्चिम में 20 किलोमीटर दूर है। हैरानी की बात ये है कि एयर डिफेंस सिस्टम इस रॉकेट को इंटरसेप्ट नहीं कर सका और रॉकेट हमले में सैन्य अड्डे पर तैनात ए32बी ट्रांसपोर्ट विमान में आग लग गई। इराक के इस अमेरिकी सैन्य अड्डे पर पहली बार हमला हुआ है। यह सैन्य अड्डा इराक में अमेरिका का सबसे सुरक्षित बेस माना जाता है। यही वजह है कि यहां हमला होना अमेरिका के लिए चिंता की बात है। हालांकि हमले के वक्त सैन्य अड्डे पर अमेरिकी सैनिक मौजूद नहीं थे।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 30 मार्च, सोमवार 2026 (3)







मंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीएम। छाया : जनमुख

## घुड़दौड़ में राजस्थानी घोड़े ने मारी बाजी



**वाराणसी।** विकास इंटर कालेज द्वारा आयोजित बाबू आरएन सिंह खेल मेले में हरि नारायण का राजस्थानी घोड़ा शक्ति ने सोमवार को चार किलोमीटर की दौड़ में 2 मिनट 28 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में किया गया, जहां घोड़ों की रेस ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। दौड़ में दूसरे स्थान पर गौरव यादव का घोड़ा रॉकेट रहा, जिसने 3 मिनट 40 सेकंड का समय लिया। वहीं, तीसरे स्थान पर सौरभ का घोड़ा शेरू रहा, जिसने चार मिनट का समय लिया। उल्लेखनीय है कि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले घोड़े मारवाड़ी नस्ल के थे, जो अपनी गति और क्षमता के लिए जाने जाते हैं।

# रेप पीड़िता के लिए कांग्रेस ने मांगा इंसाफ

## जिला मुख्यालय पर पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, डीएम को पत्रक

● **सड़क पर उतरकर आंदोलन की धमकी**

**वाराणसी।** वाराणसी की नाबालिग बेटी के साथ कानपुर में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने 25 मार्च को बीएनएस की धारा 173 में मुकदमा दर्ज कर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लेकिन लगातार



पुलिसिया कार्वाई पर कांग्रेस और विपक्षी दल सत्ता के इशारे पर कार्रवाई करने एक आरोप लगा रहे हैं। इसी क्रम में वाराणसी महानगर महिला कांग्रेस और जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के नाम एक पत्रक सौंपकर इस विषय में कड़ी कार्रवाई की बात कही। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आराधना यादव ने बताया - कानपुर में जिस तरह से दबंगों द्वारा काशी की नाब- ालिग बेटी का सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इसमें स्थानीय लोगों ने दबाव बनवाकर एफआईआर दर्ज कराई गई। लेकिन सत्ता पक्ष के एक विधायक के इशारे पर अब इस मामले में लीपापोती की जा रही है। यदि इस मामले में लिपाओती हुई तो महिला कांग्रेस सड़क से संसद तक प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कानपुर के बिठूर थानाक्षेत्र के एक कस्बे काशी की एक नाबालिग लड़की के साथ निहाल सिंह, निशांत सिंह और पदम् त्रिपाठी ने सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे गंभीर हालत में छोड़कर भाग गए। इसपर जब विपक्ष ने आवाज उठाई तो प्राथमिकी दर्ज की गई। लेकिन पुलिस ने मुख्य आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया। सामूहिक दुष्कर्म में जिनका नाम आया ये सभी सत्ताधारी पार्टी के करीबी रहे हैं। पुलिस ने एक दो लोगों को गिरफ्तार किया पर अब सत्ता पक्ष के बिठूर विधायक के निर्देश पर बिठूर पुलिस केस में लीपापोती में लगी हुई है। वहीं परिजनों को केस हटाने की धमकी भी मिल रही है। कार्यक्रम में फसाहत हुसैन बाबू, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस पूनम विश्वकर्मा, अशोक सिंह, रेनू चौधरी, हसन मेहदी कब्बन, दिलीप सोनकर, सारिका श्रीवास्तव, किरण, मोनी, आनन्द सिंह, राजेश कुमार मौर्य, चन्दन पाण्डेय, कमलेश यादव, कृष्णकांत सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाली पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भाजपा जनों ने सुना और आत्मसात करने का संकल्प लिया। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल की अगुवाई में कैंट विधान सभा के रविदास मंडल में बूथ संख्या 116 पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने रोहनियां विधानसभा के कंचनपुर स्थित बूथ संख्या 185 पर समर्थकों के साथ मन की बात को सुना। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने जवाहर नगर स्थित बूथ संख्या 337 पर एवं पार्षद संतोष सोलापुरकर ने बिंदुमाधव वार्ड के 257 पर पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## ग्रेट इंडिया टेक्सटाइल्स शो में निरीक्षण दल ने उद्यमियों का बढ़ाया उत्साह



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी में आयोजित 'ग्रेट इंडिया टेक्सटाइल्स शो' स्थानीय वस्त्र उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। प्रदर्शनी के दौरान लघु उद्योग भारती और सहकार भारती के प्रमुख पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्टॉलों का निरीक्षण किया और उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण दल का नेतृत्व सहकार भारती के प्रदेश प्रमुख शैलेश सिंह और लघु उद्योग भारती (काशी मंडल) के प्रांत सचिव सर्वेश श्रीवास्तव ने किया। भ्रमण के दौरान पदाधिकारियों ने आधुनिक मशीनों, नवीन डिजाइनों और तकनीकी नवाचारों का बारीकी से अवलोकन किया।

## वैश्विक कल्याण और स्थिरता के लिए 'आध्यात्मिक शुद्धता' अनिवार्य

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी के 'स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज' में आयोजित 13वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन — 'स्पिरिचुअलिटीः ए टेस्टेड पैराडाइम फॉर ग्लोबल वेलबीइंग, सस्टेनेबिलिटी एंड डिजिटल माइंडफुलनेस' के मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि शॉन क्लार्क ने कहा कि "आज विश्व जिन चुनौतियों और समस्याओं का सामना कर रहा है, उनका प्रभावी समाधान आध्यात्मिकता और सचेत जीवन शैली के माध्यम से संभव है। वैश्विक कल्याण और एक स्थायी जीवन शैली के लिए आध्यात्मिक सकारात्मकता अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने सच्चिदानंद परब्रह्म (डॉ.) जयंत बालाजी आठवले द्वारा लिखित और क्लार्क द्वारा सह-लिखित एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन में शिक्षा जगत, कॉर्पोरेट जगत् और सार्वजनिक संस्थानों की प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं।

## हनुमान जयंती पर 1100 भक्त गदा लेकर निकालेंगे ध्वजा यात्रा

**वाराणसी।** हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को हनुमत सेवा समिति हनुमान ध्वजा यात्रा निकालेगी। पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार अपने स्थापना के 23वें वर्ष में एक इतिहास लिखने का प्रयास होगा। अध्यक्ष रामबली मौर्य ने बताया कि इस यात्रा में आकर्षण के ढेरों केंद्र होंगे। जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए भक्तों के हाथों में लहराती लाल-केशरिया ध्वजा, मुख से जय श्रीराम के गगनभेदी उदघोष, साथ में 1000 से ज्यादा डमरूओं की थाम से गुंजायमान वातावरण में राम नाम संकीर्तन किया जाएगा। खास यह कि 1100 भक्तों के हाथ में भगवान बजरंगबली की पहचान 'गदा' भी होगी। बस आंखों में अपने आराध्य प्रभु हनुमंत लला के दर्शन की आस लिए हजारों भक्त चिलचिलाती गर्मी मे नंगे पांव श्री संकट मोचन हनुमान की चौखट तक पहुंच खुद को धन्य करेंगे।

## वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

● **अध्ययन से विकसित होगा आधुनिक तीर्थ प्रबंधन का दृष्टिकोण**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार 31 मार्च 2026 को वाराणसी में आयोजित होने वाले 'एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026' के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी, जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सक्रिय उपस्थिति इस आयोजन को नीति-निर्माण से आगे बढ़ाकर क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा।



## उपकार इंस्टीट्यूट के फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उपकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंसेज, सुन्दरपुर में शनिवार को फ्रेशर पार्टी 'आरोहम-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बीएचयू के डायरेक्टर प्रो. एसएन शंखवार एवं विशिष्ट अतिथि बीजेपी के प्रांतीय अध्यक्ष दिलीप पटेल व औराई विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक एवं पूर्व मंत्री दीनानाथ भास्कर रहे। कार्यक्रम में कैंसर सर्जन डा. स्वपनिल पटेल, हेल्थ स्कैन डायग्नोस्टिक सेंटर की डायरेक्टर डा. रश्मि सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डा. सिम्मी सिंह ने भी शिरकत की। उपकार फाउण्डेशन की डायरेक्टर डा. ममता पटेल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन डा. एस.जे. पटेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मैनेजिंग डायरेक्टर स्नेहिल पटेल ने किया। इस दौरान नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संचालन वाईस प्रिंसिपल शुभम सिंह ने किया। जानकारी प्रिंसिपल सुशील कुमार पाण्डेय ने दी।

# आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर भड़के डीएम ने अधिकारियों की लगायी क्लास

● **प्रभारी चिकित्साधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में अभियान चलाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड में विगत 10 दिनों की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव, पिंडरा एवं हरहुआ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा इन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया, आयुष्मान सेल में कार्यरत कर्मियों के साथ-साथ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बड़ागांव का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

### स्कूल चलो अभियान में बच्चों के नामांकन बढ़ाने पर जोर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं परियोजना समिति/बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले स्कूल चलो अभियान (01-15 अप्रैल और द्वितीय चरण 01-15 जुलाई तक) के वृहद कार्यक्रम के माध्यम से समस्त विद्यालयों में बच्चों (03 से 06 साल) के नामांकन दर बढ़ाने के निर्देश दिए।


### अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने एसएसपीजी मंडलीय व महिला जिला और पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर वहाँ संचालित व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद सीएमओ, सीएमएस सहित डॉक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक अप्रैल से रांची में राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप

**वाराणसी।** रांची में 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 1 से 12 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में वाराणसी की फॉरवर्ड पोजिशन से खेलने वाली तनु यादव का चयन असम की टीम में हुआ है। तनु ने राष्ट्रीय विद्यालयीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता और आल इंडिया नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 12 गोल किए हैं। विकास इंटर कॉलेज की कक्षा नौ की छात्रा तनु यादव के पिता अवधेश यादव घर-घर जाकर दूध बेचते हैं। पटेल चौराहा तरना निवासी तनु दो भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर की हैं। उन्होंने परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में हॉकी कोच इदरीस अहमद से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। असम टीम के कोच आनंद पाठक भी शिवपुर निवासी हैं।

## किसानों को दी गयी सही समय पर गेहूं काटने की सलाह



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान–दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र आइसार्क के कृषि विशेषज्ञ किसानों को सलाह देते हैं कि वे फसल के पकाव पर नजर रखें और सही समय पर कटाई करें, ताकि दाना-भराव के समय अंतिम चरण की गर्मी (टर्मिनल हीट) के कारण दानों के सिकुड़ने और खेत में झड़ना से पैदावार में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। फसल पकने के बाद कटाई में देरी न करें, क्योंकि अप्रैल में बढ़ते तापमान और गर्म हवाएं दानों के सिकुड़ने और उपज में कमी का कारण बन सकती हैं। किसानों को यह भी सुझाव दिया जाता है कि संभव हो तो भविष्य में शून्य जुताई (ज़ीरो टिलेज) के तहत समय पर बुवाई की अवधि में जल्दी और लंबी अवधि वाली किस्मों का संयोजन करें।




## हनुमान ध्वजा प्रभातफेरी : लाल ध्वजा अर्पित कर श्रद्धालुओं ने किया सुन्दरकांड का पाठ

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति वाराणसी के तत्वाधान में 15 दिवसीय हनु- मान ध्वजा प्रभात फेरी के आज ग्यारहवें दिन कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिय ने मुख्य अतिथि भरत लाडिया, प्रदीप तुलस्यान का सम्मान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हनुमानजी की रथ पर विराजमान विग्रह के



समक्ष आरती की गई। और 201 भक्तों में लाल ध्वजा ध्वजा वितरण किया गया। 61 महिला भक्तों को आरती की थाली प्रदान की गई। यह यात्रा गुरुधाम रविंद्रपुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गयी। जहां हनुमान जी के चरणों में सभी भक्तों द्वारा लाल ध्वजा अर्पित किया गया। संकट मोचन हनुमानजी के पावन मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। माहेश्वरी समाज, दादी धाम रामकटोरा, मारवाड़ी युवा मंच गंगा शाखा, अरिंदम शाखा तथा अन्य सभी सहयोगी संस्थाओं की सहभागिता से यह आयोजन सफल रहा।

## एक दिवसीय 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं भंडारा का आयोजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व शांति एवं लोक कल्याण व उज्जवल भविष्य के लिए गायत्री प्रज्ञा मंडल जमुआ बाजार कछवा मिर्जापुर के तत्वावधान में आही स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मृति समिति के प्रांगण में रविवार को आयोजक कमला प्रसाद शर्मा कवि के देखरेख में एकदिवसीय 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री महायज्ञ में क्षेत्र से आए हुए लगभग 300 श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यज्ञ का संचालन डॉक्टर बृजेश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## गोरखपुर समाचार

### अगले महीने शहर को मिलेगी एक और पुल की सौगात



**गोरखपुर।** शहर के विकास को नई गति देते हुए गोरखपुर विकास प्राधिकरण की ओर से वसुंधरा एनक्लेव फेज-दो और सर्किट हाउस के पीछे पुल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह पुल अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

अगले महीने तक इसे जनता के लिए खोले जाने की उम्मीद है। जीडीए की ओर से शहर में यातायात सुविधा मजबूत करने के उद्देश्य से यह छोटा पुल तैयार कराया जा रहा है। पुल का मुख्य ढांचा छह पिलर्स पर बनकर तैयार हो चुका है। वर्तमान में पुल की रेलिंग तैयार की जा रही है, जबकि दोनों तरफ एप्रोच मार्ग बनाने का कार्य तेजी से जारी है।

पुल के बीच के हिस्से में जॉइंट का कार्य चल रहा है, जो तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके पूरा होने के बाद फिनिशिंग, इंटरलॉकिंग और अंतिम सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। यह पुल तैयार होने से वसुंधरा फेज-दो के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक लोगों को इस क्षेत्र से शहर के मुख्य हिस्से तक पहुंचने के लिए घुमावदार रास्ता तय करना पड़ता है। पुल शुरू होने के बाद सीधे योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह और सर्किट हाउस के पीछे से आसानी से आवागमन संभव होगा। शहर के विकास कार्यों में इसे एक महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है।

## मऊ समाचार

### जिगिना गांव में चार घंटे में दो लोगों की मौत, एक साथ उठी अर्थी

**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के जिगिना गांव में शुक्रवार की शाम चार घंटे में वृद्ध और बुजुर्ग की मौत हो गई। शनिवार को एक साथ दोनों की अर्थी उठी तो सभी की आंखे नम हो गईं। जिगिना गांव निवासी सुखनंदन राजभर (72) की शुक्रवार की शाम सात बजे अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। गांव निवासी बांके प्रसाद (50) शाम आठ बजे उनके घर गए थे। वहां से लौटने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन रात 11 बजे उनकी भी मौत हो गई। शनिवार को दोहरीघाट में सरयू नदी के किनारे मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ दो अर्थियां उठने का दृश्य देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

## मीरजापुर समाचार

### दर्शन करने जा रहे वृद्ध का शव पेड़ के नीचे मिला

**चुनार।** थाना क्षेत्र के सझौली-भरेहटा गांव के पास रविवार दोपहर बाद पेड़ के नीचे वृद्ध का शव मिला। पहचान अदलहाट थाना क्षेत्र के छोटा मिर्जापुर निवासी विजय शंकर प्रजापति (68)के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पुत्र कल्लू व मल्लू प्रजापति ने पहुंचकर शिनाख्त की। परिजनों ने बताया कि विजय शंकर की तबीयत कई दिनों से खराब थी। दो दिन पहले हार्ट अटैक भी आया था। वह हर वर्ष दरियापुर स्थित सम्मा माता मंदिर में दर्शन के लिए आते थे। रविवार को भी दर्शन कर शॉर्टकट से पैदल लौट रहे थे। तभी रास्ते में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि वृद्ध के शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लोहे का बक्सा खोलते समय करंट से राममिस्त्री की मौत

**चुनार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव में शनिवार रात कपड़ा रखने के लिए लोहे का बक्सा खोलते समय नारद (52) करेंट से मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। नारद पेशे से राजमिस्त्री था। नारद शनिवार रात में कपड़े रखने के लिए कमरे में रखे बक्से को खोल रहे थे।

बक्से का ढक्कन गुजर रहे तार से छू गया। बक्से में करंट उतर गया। वह करंट की चपेट में आ गए। करंट का झटका लगने पर वह परिवार के लोगों को आवाज दिए लेकिन जब तक लोग पहुंचते वह पूरी तरक से करंट की चपेट में आ चुके थे।

## भदोही समाचार

### चालक की लापरवाही से गई युवक की जान, दोषी को एक साल की कैद

**ज्ञानपुर।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायाधीश अनामिका चौहान ने शनिवार को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के दोषी को एक साल की कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। कोर्ट ने 28 साल पहले हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में सजा सुनाई। गोपीगंज कोतवाली के कारीगांव निवासी प्रेमचंद सरोज ने 27 फरवरी 1998 को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। बताया कि उनका बेटा सुभाष और भतीजा मुरारी लाल अपने गांव से गजधरा जा रहे थे। इस बीच अशोक यादव निवासी छत्रशाहपुर, ज्ञानपुर तेज गति के साथ ट्रैक्टर चलाते हुए आया और मेरे के भतीजे मुरारी लाल को धक्का मार दिया। इससे मुरारी लाल वहीं गिर गया और उसकी मौत हो गई।

## चंदौली समाचार

### चंदौली की कंचन गुप्ता ने रचा इतिहास, पीसीएस में 9वीं रैंक हासिल कर बनीं असिस्टेंट कमिश्नर



**चंदौली।** जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी (चंधासी) की रहने वाली कुमारी कंचन गुप्ता ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। कंचन गुप्ता का चयन असिस्टेंट कमिश्नर (वाणिज्य कर) के पद पर हुआ है, जो एक प्रतिष्ठित प्रशासनिक पद माना जाता है। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। कंचन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से वर्ष 2019 में पूरी की, जहां वह पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी छात्रा रहीं। इसके बाद उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से वर्ष 2022 में इकोनॉमिक्स ऑनर्स में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार तैयारी करती रहीं। कंचन के पिता नरेश कुमार और माता वंदना देवी ने उनकी पढ़ाई और तैयारी में हर संभव सहयोग दिया। परिवार के सदस्यों का कहना है कि कंचन शुरू से ही मेहनती और अनुशासित रही हैं।

## बलिया समाचार

### केले के पत्तों और गमछे में लिपटा मिला युवती का शव

**फेफना।** थाना क्षेत्र के गंगहरा गांव के श्मशान घाट के समीप रविवार को 30 वर्षीय युवती का शव मिला। खबर लगते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई, पुलिस भी पहुंच कर शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन सफलता न मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंगहरा श्मशान घाट के पास टोंस नदी में करीब केले के पत्तों, चुनरी और गमछे में लिपटा 30 वर्षीय युवती का शव दिखाई दिया।

गाय चराने गए चरवाहों की नजर शव पर पड़ी तो वह शोर मचाने लगे, आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, उन्होंने सर्पदंश से किशोरी की मौत होने पर केले के पत्ते में लपेट कर जल प्रवाह करने की आशंका जताई। फेफना थानाध्यक्ष विश्वदीप सिंह ने बताया कि नदी में शव बहते हुए आकर घाट पर लग गया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### घर में रिवॉल्वर से चली गोली, इंस्पेक्टर घायल



**अखंडनगर।** स्थानीय थाने के कार्यवाहक प्रभारी थानाध्यक्ष अरुण द्विवेदी के सरकारी आवास में रविवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में रिवॉल्वर से गोली चल गई। दाहिने कंधे में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों के मुताबिक वह अपने आवास में अकेले थे। घायल अवस्था में उन्हें लेकर पुलिसकर्मी पीजीआई लखनऊ के लिए रवाना हो गए। आईजी प्रवीण कुमार और डीआईजी अयोध्या सोमेन बर्मा थाने पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच-पड़ताल की। अरुण द्विवेदी प्रयागराज के रहने वाले बताए जा रहे हैं। अखंडनगर थाने पहुंचीं पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि शाम करीब 06:15 बजे अखंडनगर थाने में स्थित अपराध निरीक्षक के आवास पर गोली चलने की सूचना मिली। घटनास्थल की जांच की गई तो अरुण द्विवेदी की लाइसेंसी रिवॉल्वर व खून के छींटे कमरे में पड़े मिले। प्रथम दृष्टया कमरे की साफ-सफाई के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने की बात सामने आई है। थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनने के बाद सभी मौके पर पहुंचे तो अरुण द्विवेदी घायल अवस्था में पड़े थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अरुण बतौर अपराध निरीक्षक अखंडनगर थाने में कार्यरत थे। गत 15 मार्च से उन्हें अखंडनगर थाने का कार्यवाहक थानाध्यक्ष बनाया गया। पीजीआई लखनऊ भेजा गया है, वहां ऑपरेशन की प्रक्रिया चल रही है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य इकट्ठा किया है।

## जौनपुर समाचार

### 3 किलोवाट के कनेक्शन को कर दिया 5 किलोवाट

**धर्मापुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के इमलो पांडेय पट्टी गांव निवासी एक उपभोक्ता ने बिजली निगम के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम पांडेय पट्टी निवासी खरपत्तू बिंद पुत्र रामदिहाल ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने विद्युत निगम से 3 किलोवाट का घरेलू कनेक्शन लिया था। उनके घर पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल और स्मार्ट मीटर भी लगा हुआ है। आरोप है कि इसके बावजूद एसडीओ और जेई ने बिना परिसर का निरीक्षण किए ही मनमाने ढंग से उनके कनेक्शन को 3 से बढ़ाकर 5 किलोवाट कर दिया। पीड़ित ने आईजीआरएस पोर्टल के साथ जिलाधिकारी और अधिशासी अभियंता से भी लिखित शिकायत की है। अधिशासी अभियंता के निर्देश पर हुई जांच में जांच अधिकारी ने मौके पर 3 किलोवाट बिजली का खर्च ही पाया।

## आजमगढ़ समाचार

### सरसो की कटाई कर रहे किसान की स्टेराड में उतरे करेंट से मौत



**आजमगढ़।** अहरौला थाना क्षेत्र के छतौना गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 51 वर्षीय किसान की करेंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान घनश्याम सिंह पुत्र राम नारायण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और जांच में जुटी। मृतक के पुत्र अश्वनी सिंह ने बताया कि घनश्याम सिंह सुबह अपने खेत में सरसों की फसल काटने गए थे। उनके खेत के ऊपर से 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही है। खेत में लगे खंभे के सपोर्ट के लिए लगाए गए स्टे रॉड में उतर रहे करेंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मृतक के पुत्र अश्वनी सिंह ने थाने में तहरीर देकर विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य हरिकेश यादव ने भी बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए और मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तो प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा। मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे और अपने पीछे पत्नी कंचन सिंह, तीन पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गए हैं।

## देवरिया समाचार

### युवक की हत्या कर फेंकी लाश, आंख भी निकाली

**पैकौली।** सुरौली थाना क्षेत्र के सिसवा से भट्ट जमुआन गांव जाने वाले पुलिया के नीचे रविवार की सुबह करीब 32 वर्षीय युवक का शव नग्न अवस्था में मिला। युवक के चेहरे और शरीर पर चोटों के निशान थे और उसकी बाईं आंख भी निकाल ली गई है। हालत देखकर लोग आशंका जता रहे हैं कि युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे गांव के कुछ लोग टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान खड़ंजा वाले रास्ते पर स्थित पुलिया के नीचे गेहूं के खेत में एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। पूरी तरह नग्न अवस्था में शव पीठ के बल पड़ा था। शोर मचाने पर गांव के ही कुछ लोग मौके पर पहुंचे। सड़क के किनारे शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

## सोनभद्र समाचार

### विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने कार को मारी टक्कर, इंजीनियर की मौत, पत्नी-बेटा घायल



**हाथीनाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के चोरपनिया गांव के पास रविवार की दोपहर में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार चला रहे इंजीनियर किशोर कुमार चौधरी (38) की दबने से मौत हो गई। पत्नी-बच्चे भी देर तक कार में फंसे रहे। जेसीबी की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया। बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। उधर, हादसे के बाद ट्रक खड़ा कर चालक भाग गया। झारखंड प्रांत के रांची सीमोड के रहने वाले किशोर कुमार चौधरी छत्तीसगढ़ में इंजीनियर हैं। पत्नी नीतू देवी (33) और बेटे वैदिक (3) के साथ झूंसी प्रयागराज स्थित ससुराल कार से गए हुए थे। वहां से वह रविवार को अंबिकापुर के लिए वापस आ रहे थे। दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे के करीब कार जैसे ही परासपानी-जवाडीडांड़ के बीच चोरपनिया गांव के करीब पहुंची। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रांग साइड से आ रही ट्रक ने तेजी से धक्का मार दिया। इससे जहां कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं वह सड़क से नीचे खेत में जा गिरी। टक्कर के चलते आगे का हिस्सा पूरी तरह दब जाने के कारण कार चला रहे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं पत्नी और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो देखा कि दोनों अंदर फंसे हुए हैं। जेसीबी की मदद लेकर दोनों को बाहर निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भेजा गया। एक तरफ घायल पड़ा मासूम बेटा, दूसरी तरफ मृत पति को देखते हुए अस्पताल पहुंचने के बाद भी पत्नी बेसुध हो जा रही थी। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज रवाना कर दिया गया। चोपन थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा के मुताबिक मृतक के घर वालों को घटना की जानकारी भेज दी गई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## गाजीपुर समाचार

### घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत



**गंगौली।** कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के सनेहुआ चट्टी पर चार दिन पूर्व पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल ओमप्रकाश सरोज (15) का इलाज वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था। रविवार की दोपहर उसकी मौत हो गई, जबकि उसके दूसरे साथी का इलाज जारी है। सनेहुआ गांव के प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सरोज ने बताया कि ओमप्रकाश सरोज गांव के अपने मित्र ऋतिक सरोज के साथ चार दिन पहले बाइक से गांव के पोखरे से घर आ रहा था। सनेहुआ चट्टी के पास तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। ओमप्रकाश सरोज का उपचार वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं ऋतिक सरोज का इलाज जारी है। ओमप्रकाश सरोज चार बहनों में दूसरे स्थान पर था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी जाएगी। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजनारायण ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयागराज समाचार

### किराना दुकान चलाने वाले की बेटी यूपी-PCS में सेकंड टॉपर




**प्रयागराज।** यूपी पीसीएस 2024 का फाइनल रिजल्ट रविवार रात साढ़े 12 बजे जारी हो गया। दिल्ली की नेहा पंचाल ने टॉप किया है। रायबरेली की अनन्या त्रिवेदी दूसरे और अभय प्रताप सिंह तीसरे नंबर पर हैं। टॉप 10 में 6 लड़कियां हैं। 25 साल की अनन्या के पिता सुशील त्रिवेदी परचून की दुकान चलाते हैं। मां रेखा रानी सरकारी टीचर हैं। मामा राजेश पांडेय कानपुर देहात में एडिशनल एसपी हैं। अनन्या ने पहले प्रयास में ही परीक्षा पास की है।

मैंने कभी भी कोचिंग नहीं की, सिर्फ सेल्फ स्टडी की। आज के समय में चैटजीपीटी और इंटरनेट की मदद से किसी भी टॉपिक का कंटेंट आसानी से मिल जाता है। मुझे सेकंड रैंक मिली है । इस पर विश्वास नहीं हो रहा है। टॉपर नेहा पंचाल ने चौथी कोशिश में परीक्षा क्वालिफाई की है। वहीं, कानपुर की श्वेता वर्मा को 21वीं रैंक मिली है। वह चार महीने पहले मां बनी हैं। उनके पिता जगदीश वर्मा बैंक में कैशियर से रिटायर्ड हुए हैं। इसके अलावा, कौशांबी के सुनील मौर्य कमर्शियल टैक्स ऑफिसर (CTO) बने हैं। उन्हें 82वीं रैंक मिली है। उनके पिता चाय की दुकान चलाते हैं। 932 अभ्यर्थियों का सेलेक्शन हुआ है। इनमें 319 लड़कियां हैं। चयनित अभ्यर्थियों में 37 डिप्टी कलेक्टर (SDM), 17 पुलिस उपाधीक्षक (DSP) और 196 असिस्टेंट कमिश्नर (कमर्शियल टैक्स) बने हैं। पीसीएस-2023 की बात करें तो सहारनपुर के सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉप किया था। टॉप 10 में सिर्फ 2 लड़कियां थीं। 947 पदों के लिए 2719 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इनमें से 2698 लोग इंटरव्यू देने पहुंचे थे, जबकि 21 नहीं पहुंचे। व्यवस्थाधिकारी के एक और व्यवस्थापक के 14 पद योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण खाली रह गए। PCS 2024 प्री के लिए 5.76 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। प्री का रिजल्ट मार्च 2025 में जारी किया गया था। इसमें से 15,066 अभ्यर्थियों ने मेन्स के लिए क्वालीफाई किया था। मेन्स परीक्षा में 13,776 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षा 29 जून से 2 जुलाई 2025 के बीच हुई थी

## लाइफ मंत्र

### 2 अप्रैल को मनाई जाएगी हनुमान जयंती



हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा के दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन संकटमोचन हनुमान जी का अवतरण हुआ था, इसलिए देशभर में इस दिन उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हनुमान जी की पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस साल हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल 2026 को मनाया जाएगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार, चैत्र पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 1 अप्रैल को सुबह 7:08 मिनट से हो रही है। जो अगले दिन 2 अप्रैल को सुबह 7:41 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों में उदया तिथि की महत्ता को देखते हुए हनुमान जयंती का उत्सव 2 अप्रैल को ही मनाया जाएगा। हनुमान जी का जन्म मंगलवार को हुआ था। इसी वजह से हर मंगलवार हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है। इसके अलावा शनिवार भी हनुमान जी को प्रिय है। हनुमान जन्मोत्सव चैत्र मास की पूर्णिमा पर मनाई जाती है। त्रेता युग में इस तिथि पर सुबह-सुबह हनुमान जी का जन्म हुआ था। उस दिन मंगलवार था। इनके पिता केसरी और माता अंजनी थीं। हनुमान जी महादेव का रूद्र अवतार हैं। हनुमान जी महाराज को अलौकिक और दिव्य शक्तियां प्राप्त हैं। उन्हें बल, बुद्धि, विद्या का दाता कहा जाता है। हनुमान जी महाराज के पास अष्ट सिद्धि और नवनिधि हैं। शिव पुराण के अनुसार हनुमान जी ही शिवजी के 11वें अवतार हैं। हनुमान जी को पवन पुत्र के नाम से भी जाना जाता है और उनके पिता वायु देव भी माने जाते हैं। वैदिक हिन्दू पंचांग के अनुसार, चैत्र पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 1 अप्रैल को सुबह 7:08 मिनट से हो रही है। जो अगले दिन 2 अप्रैल को सुबह 7:41 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों में उदया तिथि की महत्ता को देखते हुए हनुमान जयंती का उत्सव 2 अप्रैल को ही मनाया जाएगा।

**भगवान शिव के अवतार है हनुमान**

भगवान हनुमान को महादेव का 11वां अवतार भी माना जाता है। हनुमान जी की पूजा करने और व्रत रखने से हनुमान जी का आर्शीवाद प्राप्त होता है और जीवन में किसी प्रकार का संकट नहीं आता है, इसलिए हनुमान जी को संकट मोचक भी कहा गया है। जिन लोगों की कुंडली में शनि अशुभ स्थिति में हैं या फिर शनि की साढ़ेसाती चल रही है, उन लोगों को हनुमान जी की पूजा विधि करना चाहिए। ऐसा करने से शनि ग्रह से जुड़ी दिक्कतें दूर हो जाती है। हनुमान जी को मंगलकारी कहा गया है, इसलिए इनकी पूजा जीवन में मंगल लेकर आती हैं।

**अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं हनुमानजी**

धर्म ग्रंथों में 8 ऐसे पौराणिक पात्रों के बारे में बताया गया है, जिन्हें अमर माना जाता है। हनुमानजी भी इनमें से एक है। इस संबंध में एक श्लोक भी मिलता है।

**अश्वत्थामा बलिव्यासो हनूमांश्च विभीषणः।**
**कृपः परशुरामश्च सप्तएतै चिरजीविनः?**
**सप्तैतान् संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम्।**
**जीवेद्वर्षशतं सोपि सर्वव्याधिविवर्जित॥**

**अर्थ-** अश्वथामा, दैत्यराज बलि, महर्षि वेद व्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, परशुराम और मार्कण्डेय ऋषि, ये 8 अमर हैं। रोज सुबह इनका स्मरण करने से निरोगी शरीर और लंबी आयु मिलती है।

**पूजा विधि**

हनुमान जी का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था, इसलिए हनुमान जन्मोत्सव के दिन ब्रह्म मुहूर्त में पूजा करना अच्छा माना गया है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन जातक को ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। इसके बाद घर की साफ-सफाई करने के बाद गंगाजल का छिड़काव कर घर को पवित्र कर लें। स्नान आदि के बाद हनुमान मंदिर या घर पर पूजा करनी चाहिए। पूजा के दौरान हनुमान जी को सिंदूर और चोला अर्पित करना चाहिए। मान्यता है कि चमेली का तेल अर्पित करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। पूजा के दौरान सभी देवी-देवताओं को जल और पंचामृत अर्पित करें। अब अबीर, गुलाल, अक्षत, फूल, धूप-दीप और भोग आदि लगाकर पूजा करें। सरसों के तेल का दीपक जलाएं। हनुमान जी को विशेष पान का बीड़ा चढ़ाएं। इसमें गुलकंद, बादाम कतरी डालें। ऐसा करने से भगवान की विशेष कृपा आपको मिलती है। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और हनुमान आरती का पाठ करें। आरती के बाद प्रसाद वितरित करें।

हनुमान जी के ये 12 नाम लेने से सभी बिगड़ें काम बन जाते हैं-

ॐ हनुमान ॐ अंजनी सुत
ॐ वायु पुत्र ॐ महाबल
ॐ रामे
ॐ फाल्गुण सखा ॐ पिंगाक्ष
ॐ अमित विक्रम ॐ उदधिक्रमण
ॐ सीता शोक विनाशन ॐ लक्ष्मण प्राण दाता ॐ दशग्रीव दर्पहा

हनुमान जी को प्रसन्न करने के राशि अनुसार मंत्र-

**मेष राशि**
ॐ सर्वदुखहराय नमः
**वृषभ राशि**
ॐ कपिसेनानायक नमः
**मिथुन राशि**
ॐ मनोजवाय नमः
**कर्क राशि**
ॐ लक्ष्मणप्राणदात्रे नमः
**सिंह राशि**
ॐ परशौर्य विनाशन नमः
**कन्या राशि**
ॐ पंचवक्त्र नमः
**तुला राशि**
ॐ सर्वग्रह विनाशिने नमः
**वृश्चिक राशि**
ॐ सर्वबन्धविमोक्त्रे नमः
**धनु राशि**
ॐ चिरंजीविते नमः
**मकर राशि**
ॐ सुरार्चिते नमः
**कुंभ राशि**
ॐ वज्ञाकाय नमः
**मीन राशि**
ॐ कामरूपिणे नमः

## कोरियन Glass Skin का सपना होगा पूरा, जानें K-Beauty का वो खास Skincare फॉर्मूला



कोरियन ग्लास स्किन पाने के लिए एक व्यवस्थित K-Beauty स्किनकेयर रूटीन अपनाना आवश्यक है, जिसमें डबल क्लींजिंग, टोनर, एसेंस और सीरम जैसे स्टेप्स शामिल हैं। यह प्रक्रिया त्वचा को गहराई से हाइड्रेट कर उसे शीशे जैसा चमकदार और स्वस्थ बनाती है। आज के समय में ग्लास स्किन का चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी त्वचा साफ, दमकती हुई और कांच की तरह चमकदार दिखाई दे। इसी वजह से कोरियन स्किनकेयर यानी K-Beauty ने खास पहचान बना ली है। अक्सर लोग बाजार से महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीदते हैं जिससे त्वचा ग्लास जैसी शाइन करें। अगर आप भी ऐसी निखरी और चमकदार त्वचा पाना चाहती हैं, तो हम आपको इसके लिए कुछ आसान और जरूरी स्टेप्स बता रहे हैं।

**डबल क्लींजिंग से करें शुरुआत**

कोरियन स्किनकेयर में सबसे जरुरी होता है कि डबल क्लीनिंग स्टेप। इसमें सबसे पहले आप ऑयल बेस्ड क्लीनर से मेकअप को रिमूव करें और गंदगी रिमूव करने के लिए फेस वॉश से चेहरे को धो लें।

**टोनर का इस्तेमाल करें**

चेहरे को क्लीन करने के लिए टोनर का प्रयोग करें। टोनर से स्किन हाइड्रेटेड रहेगी। आप हल्के हाथ से इसे चेहरे पर थपथपा सकते हैं। इससे स्किन को आराम मिलेगा।

**एसेंस का करें यूज**

अगर आप कोरियन ग्लास चाहते हैं, तो इसके लिए एसेंस काफी जरुरी है। ये हमारी स्किन को डीप हाइड्रेट करता है। यदि आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो आपकी स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आती है। आप हमेशा इसे थोड़ी मात्रा में ही चेहरे पर लगाएं।

**सीरम से स्किन को दें एक्स्ट्रा केयर**

अगर आप मुंहासों, दाग-धब्बों या रूखी त्वचा की समस्या से जूझ रहे हैं, तो सीरम आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। यह त्वचा से जुड़ी परेशानियों को कम करने में मदद करता है और चेहरे को प्राकृतिक निखार और चमक देता है।

**मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें**

मॉइस्चराइजर त्वचा में नमी को बनाए रखता है और उसे रूखा होने से बचाता है। ग्लास स्किन पाने के लिए स्किन का हाइड्रेटेड रहना बेहद जरूरी होता है, इसलिए इस जरूरी स्टेप को अपनी स्किनकेयर रूटीन में जरूर शामिल करें।

**सनस्क्रीन लगाएं**

यदि आप कोरियन ग्लास स्किन पसंद करते हैं, तो आप दिन में जब भी बाहर निकलें तो उससे पहले सनस्क्रीन जरुर लगाएं। ये आपकी स्किन को धूप से बचाएगा। इसके साथ ही टैनिंग को भी दूर करेगा।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

- हफ्ते में एक या दो बार स्क्रब की जरुरत होती है।
- एक साथ बहुत ज्यादा प्रोडक्ट का प्रयोग न करें।
- अपनी स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट्स चूज करें।



# पार्लर का खर्चा बचाएं, इन फलों के छिलकों से बनाएं Homemade Face Pack, पाएं Instant Glow

**फलों के छिलके त्वचा पर लगाने से कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स दूर हो सकती हैं और हमारी स्किन भी ग्लो करने लगती है। ऐसे में आज आपको उन फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके छिलके आप अपनी स्किन पर लगा सकती हैं।**

हर किसी की यह चाहत होती है कि वह सुंदर दिखें। इसके लिए महिलाएं ब्यूटी प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन यह सभी प्रोडक्ट स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल्स पाए जाते हैं। आप नेचुरल रूप से ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। फलों का सेवन हमारे शरीर के लिए अच्छा होता है।

वहीं फलों के छिलके भी काफी फायदेमंद होते हैं। फलों के छिलके त्वचा पर लगाने से कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स दूर हो सकती हैं और हमारी स्किन भी ग्लो करने लगती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए आपको उन फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके छिलके आप अपनी स्किन पर लगा सकती हैं।

**केले के छिलके**

केले के छिलके में विटामिन ए, बी और विटामिन सी पाया जाता है। केले के छिलके को त्वचा पर लगाने से यह नेचुरल मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। इसके इस्तेमाल से चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं।

**पपीते के छिलके**

वहीं पपीते के छिलके में पे-पिन नामक एंजाइम पाया जाता है। जोकि हमारी स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। इसको आप अपनी त्वता पर सीधे तौर पर अप्लाई कर सकते हैं।

**कीवी के छिलके**

कीवी के छिलकों में विटामिन ई भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए कीवी के छिलकों को दही में मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर पेस्ट को फेस पर अप्लाई करें, इससे स्किन ब्राइटनेस बढ़ती है।

**संतरे के छिलके**

संतरे में विटामिन सी और नेचुरल ऑयल पाया जाता है। इसकी वजह से इसको अच्छा एक्सफोलिएटर माना जाता है। संतरे कि छिलके के इस्तेमाल से डार्क स्पॉट्स और एक्ने से निजात मिल सकती है। यह कोलेजन बनाने में भी मदद करता है। संतरे के छिलके को धूप में सुखाकर पेस्ट बना लें। फिर इसमें दही मिलाकर इसको फेस पर अप्लाई करें। इससे आपकी त्वचा चांद जैसी चमकने लगेगी।

**नींबू के छिलके**

बता दें कि नींबू के छिलके में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। इससे स्किन पर ग्लो आता है और नींबू के छिलकों को सुखाकर इसका पाउडर बना लें। फिर इस पाउडर में शहद डालकर इसको मास्क की तरह फेस पर अप्लाई करें। इससे स्किन में ग्लो आएगा और बाकी समस्याएं भी दूर होने लगेंगी।

## गर्मी में मिलेगी दमकती त्वचा, बस सेब के छिलके का ऐसे करें इस्तेमाल



सेब के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और नेचुरल एसिड होते हैं जो स्किन को ब्राइटन करते हैं और टैनिंग को कम करते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन पोर्स को टाइटन करने में भी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेब के छिलके से गर्मी में अपनी स्किन का ख्याल किस तरह रख सकते हैं।

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन ज्यादा देखभाल मांगती है। ऐसे में हम तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि स्किन की नेचुरल तरीके से भी देखभाल की जा सकती है और इसके लिए फलों के छिलकों का इस्तेमाल करना ही काफी है। इन्हीं में से एक है सेब का छिलका। बहुत से लोगों की आदत होती है कि वे सेब को छीलकर खाते हैं और फिर उसके छिलकों को यूं ही बाहर फेंक देते हैं। जबकि इनकी मदद से आप गर्मी में अपनी स्किन को पैम्पर कर सकती हैं। दरअसल, सेब के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और नेचुरल एसिड होते हैं जो स्किन को ब्राइटन करते हैं और टैनिंग को कम करते हैं। साथ ही साथ, इससे स्किन पोर्स को टाइटन करने में भी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेब के छिलके से गर्मी में अपनी स्किन का ख्याल किस तरह रख सकते हैं-

**सेब के छिलके से बनाएं स्क्रब**

गर्मी के मौसम में सेब के छिलके से स्क्रब बनाया जा सकता है। यह डेड स्किन व टैन हटाता है। साथ ही, स्किन को एक चमक देता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच सेब के छिलके का पाउडर

1 चम्मच चीनी

थोड़ा सा शहद

**कैसे बनाये**

सबसे पहले सेब के छिलके को सुखाकर उसका पाउडर बना लो।

अब पाउडर में चीनी व थोड़ा सा शहद डालकर मिक्स करें।

इससे चेहरे पर धीरे से 2-3 मिनट तक मालिश करें।

फिर धो लो।

**सेब के छिलके से बनाएं आइस क्यूब**

गर्मी में आइस क्यूब का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन को ठंडक मिलती है। सेब के छिलके के आइस क्यूब अतिरिक्त तेल व पसीने को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, पोर्स को टाइटन भी करते हैं।

**आवश्यक सामग्री**

सेब के छिलके

पानी

आइस ट्रे

**कैसे बनाये**

सेब के छिलके को पानी में डालकर उबाल लीजिये।

अब पानी ठंडा होने दो।

बर्फ की ट्रे में पानी को जमने के लिए रख दें।

मेकअप से पहले सुबह चेहरे पर इससे रब करें।

**सेब के छिलके से बनाएं टोनर**

यह टोनर ना केवल स्किन को रिफ्रेशिंग लुक देता है, बल्कि यह एक माइल्ड एक्सफोलिएशन की तरह भी काम करता है।

**आवश्यक सामग्री-**

सेब के छिलके

पानी

**कैसे बनाये**

सेब के छिलके को पानी में उबाल लीजिये और फिर कुछ देर ठंडा होने दें।

अब इसे छानकर बोतल में स्टोर करें।

फिर कॉटन से स्प्रे करें।

इस टोनर को फ्रिज में 4-5 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
(IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ऑकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थैरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682